


डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार



दैनिक

पटना, 11 मार्च, शनिवार, 2023


## संपादक की कलम से



हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नहीं समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं।



कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-

**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**


-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278





# नफरत की हर दीवार पर भारी है- भारत जोड़ो यात्रा और इतिहास में ये बात दर्ज हो गई है




## डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

ईसाई समुदाय के द्वारा पटना के बापू सभागार में **BLESS BHARAT FESTIVAL** का आयोजन किया गया। पूरे प्रदेश से दस हज़ार से ज़्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। मौक़े पर बतौर मुख्य अतिथि शमिल हुआ और आपसी प्रेम भाव और शांति का पैग़ाम दिया।







# सीमांचल एक्सप्रेस 12488 के अलावा अररिया पूर्णिया के लिए एक और नई ट्रेन की मांग

पटना।कांग्रेस दर्पण

**इन्तेखाब आलम**

जब तक नई ट्रेन की व्यवस्था नहीं होती है चार जनरल बोगी सीमांचल एक्सप्रेस में अतिरिक्त लगाएं आलम

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने सीमांचल एक्सप्रेस की दुर्दशा और उसके रखरखाव पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री आलम ने सीमांचल एक्सप्रेस की वस्तुस्थिति जानने के लिए स्वयं इस गाड़ी से टिकट बुक करा कर यात्रा का निर्णय लिया ताकि सभी यात्रियों की समस्या को और जान सके।

सीमांचल एक्सप्रेस ऐसी ट्रेन है जो सीमांचल के लोगों को दिल्ली से सीमांचल पहुंचाती है इसमें बेगूसराय कटिहार पूर्णिया और खास कर अररिया जिला के नेपाल बॉर्डर जोगबनी के यात्री की संख्या अधिक होती है और प्रत्येक दिन क्षमता से अधिक यात्री यात्रा करते हैं। मुझे लगता है यह पर्याप्त नहीं है और या तो एक ट्रेन बढ़ाई जाए या इसमें जनरल कंपार्टमेंट चार बोगी दो पीछे और दो आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।



इसके रखरखाव दयनीय है सफाई के नाम पर जीरो है ऐसी कम्पार्टमेन्ट का इतना बुरा हाल है सारा कंबल सीटों पर बिखरे हुए हुए हैं पता करने और कम्प्लेन का डर दिखाया तो पता चला कि जी आर पी और रेलवे स्टाफ बराबर रात इसी बोगी में बिताते हैं। जो मैं आपके माध्यम से रेलवे मिनिस्टर से मांग करता हूं के सीमांचल के भोले भाले लोगों को एक लंबा सफर तय करते हैं और उस के एवज में सरकार को अच्छी रकम देते हैं टिकट करा कर लोग जाते हैं उसके बाद भी कोई व्यवस्था नहीं होती है तो यह सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। इन्तेखाब आलम ने रेलवे मंत्री को पत्र से मांग की यात्रियों की संख्या इतनी अधिक है और सरकार को उसका आमदनी भी हो रहा है इसलिए रेलवे विभाग,रेलवे बोर्ड या रेलवे मंत्रालय को चाहिए कि एक अलग ट्रेन सीमांचल के लिए और दे ताकि इस जटिल समस्या का परमानेंट निदान निकल सके।

श्री आलम ने चिंता जताई है कि जब से यह ट्रेन चालू हुई है तबसे पेंट्रीकार की कोई व्यवस्था नहीं है।इसे शीघ्र बहाल करने की भी मांग की है।


# बढ़ती मंहगाई की मार के बीच बुझ रही गरीब के 'गैस चूल्हों' की आग

पटना।कांग्रेस दर्पण

एक ज़माना था, जब भाषणों का दौर शुरू हुआ और जुमलों की बारिश में पूरा हिंदुस्तान बह रहा था। उस दौर में छढ़ें सिलेंडर मात्र 410 रूपये का मिलता था। 410 रूपये का वो सिलेंडर सबको महंगा दिखाया गया। स्मृति ईरानी और पूरी भाजपा सड़कों पर उतर आई। 2014 के बाद देश में महंगाई हर रोज बढ़ी और सिलेंडर की गैस गरीबों के चूल्हे की आग बनने की बजाय बुझने लगी।

410 रूपये में मिलने वाला सिलेंडर आज 1100 रूपये से ज्यादा का हो गया। भाषणों में महंगाई पर गला फाड़कर चिल्लाने वाले भाजपा नेता मौन व्रत धारण करके बैठे हुए हैं। जनता को भ्रमित करके वोट की राजनीति करने वाले प्रधानसेवक खामोश हैं। बढ़ती मंहगाई आज हिन्दुस्तान के हर घर की रसोई तक पहुंच गई है। जनता सिलेंडर के बढ़ते दामों से परेशान है और सरकार ने जनता की भावनाओं से मुंह मोड़ लिया है। उज्ज्वला योजना में मिले सिलेंडर खाली हैं और सब्सिडी बंद है। महिलाएं आज फिर से लकड़ी जलाकर खाना बनाने को मजबूर हैं। मोदी सरकार के सबका साथ सबका विकास का दावा सरकार की तरह ही खोखला निकला। गैस सिलेंडर की महंगाई अब हर घर का चूल्हा बुझा रही है

मोदी सरकार जनता को तड़पा रही है।



# सेवा, संघर्ष और समर्पण

**9 मार्च 2019 से 9 मार्च 2023**

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

हमें राजनीति में आए हुए आज पूरे 4 साल हो गए इस बीच में हमने बहुत कुछ सीखा,समझा और बहुत कुछ नया करने को मिला राजनीति सफर में हमने 4 सालों में सबसे छोटी इकाई बूथ अध्यक्ष,वार्ड अध्यक्ष, सोशल मीडिया का जिला संयोजक, सारण जिला युवा कांग्रेस का चुनाव भी लड़ा और आज भारतीय युवा कांग्रेस के दूरदर्शी सोच यंग इंडिया के बोल प्रतियोगिता मैं पूरे बिहार से १२३ स्थान पर विजय हुआ

इन 4 सालों में हमने ना जाने कई प्रोटेस्ट किया और कई बार पटना के कारगिल चौक पर पुतला दहन भी किया सरकार की कई ऐसी नीतियों के खिलाफ बिहार बंद और भारत बंद के समर्थन में पटना के डाकबंगला चौराहा हो या दिल्ली के संसद घेराव कार्यक्रम या तालकटोरा स्टेडियम में राजीव क्रांति का कार्यक्रम पटना में कई बार आंदोलन के दौरान हमें कुछ घंटों के लिए पुलिस हिरासत में भी लिया गया

19 अगस्त 2020 को प्रतियोगी छात्रों की आवाज उठाने के लिए प्रोटेस्ट की और जेल जाना भी पड़ा कई दिनों तक जेल में भी रहा जेल से आने के बाद और अधिक ऊर्जा से उभरा और लगातार आज तक आंदोलनों में अपनी भूमिका निभाते रहा

9 जुलाई 2021 को पटना महानगर युवा कांग्रेस का प्रवक्ता के रूप में मुझे काम करने का मौका मिला इसके साथ ही साथ अपने काम को बहुत ही बारीकी से करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित यंग इंडिया के बोल भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया मुझे 5 मार्च 2022 को एक बार फिर से जिला का प्रवक्ता बनाया गया

इस बीच हुए पटना के हर विरोध मार्च, प्रदर्शन केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने मैं अपनी सक्रिय भूमिका निभाता रहा किसान आंदोलन जैसे महत्वपूर्ण प्रदर्शन में भी अपनी भूमिका निभाया

इसी बीच भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित यंग इंडिया के बोल भाषण प्रतियोगिता में पुनः भाग लिया और इस बार बिहार प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में १२३ स्थान प्राप्त किया

साथ ही साथ युवा कांग्रेस का संगठनात्मक चुनाव मैं भी अपने गृह जिला सारण से अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ा रिजल्ट अनुकूल नहीं होने के कारण मैं अध्यक्ष नहीं बन पाए

9 मार्च को जब मैं कांग्रेस पार्टी जॉइन किया था तो किसी भी पोस्ट पर नहीं था इन 4 सालों में विभिन्न पदों पर काम करते हुए आज पुनः उसी दिशा में लौट आया आज भी किसी अधिकृत पद पर नहीं हूं लेकिन संगठन के लिए ईमानदारी और समर्पण 4 साल पहले से भी ज्यादा बढ़ गया है

इन 4 सालों में बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ा आर्थिक,सामाजिक और राजनीतिक प्रताड़ना भी सहना पड़ा कई बार तो यह सोचने को मजबूर हो गया कि मैं यह जो कर रहा हूं कहीं व्यर्थ ना चला जाए लेकिन फिर हमने भी एक संकल्प लिया है ना रुकना है ना थकना काम करते रहो भाग्य में जो होगा वह कोई छीन नहीं सकता

हमारे 4 वर्ष के राजनीतिक सफर में हमारे किसी भी दोस्त साथी रिश्तेदार का यदि हमने दिल दुखाया होगा तो एक बच्चा समझ कर माफ कर देना

**आपका अपना**
**विशाल कुमार यादव**






**2014 के बाद मोदी सरकार ने मज़दूरों के अधिकारों को सबसे ज़्यादा चोट पहुँचाई।**

**पहले लेबर वेलफेयर का ढांचा नष्ट कर दिया। फिर कांग्रेस ने मजदूरों के लिए जो क़ानून बनाए, उन्हें चंद उद्योगपतियों के लिए कमजोर कर दिया गया।**

**: कांग्रेस अध्यक्ष श्री Mallikarjun Kharge**



# भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा कार्यालय के सामने एक दिवसीय आक्रोश प्रदर्शन

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

दिनांक 10 /03/2023 ईस्वी को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर देश में मोदी के अडानी और बैंक के बीच सांठ - गांठ सरकारी बैंकों के हजारों करोड़ रुपिया तथा आम जनता पर पड़ते बैंकों के दबाव के विरुद्ध समस्तीपुर जिला अंतर्गत दलसिंहसराय भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा कार्यालय के सामने एक दिवसीय आक्रोश प्रदर्शन करते हुए सभा की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष शिव कुमार यादव ने की सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष फैज अहमद फैज ने कहा कि गहरे आर्थिक संकट के समय भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम में है देश की जनता से आवाहन किए कि मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटललिज्म की नीति को समझें और देश एवं संविधान को बचाने तथा महंगाई बेरोजगारी खत्म करने हेतु आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को जड़ से उखाड़ कर




फेंके। मौके पर बिहार प्रदेश प्रतिनिधि सत्यनारायण सिंह, कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के जिला महासचिव प्रकाश कुमार, चौधरी , अमित कुमार, उदय केतु चौधरी, शंकर शाह, मोहम्मद जुनेद, उमा शंकर पासवान, अयोध्या दास, मोहम्मद इम्तियाज, शंकर महतो, राम नारायण पंडित, मोहम्मद स्कूल, मोहम्मद उस्मान मोहम्मद बरकत सहित दर्जनों कांग्रेसी उपस्थित थे।

**Indian Youth Congress** के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री **Srinivas BV** जी के आह्वान पर भारत सरकार द्वारा घरेलू एवं व्यवसायिक गैस पर मूल्य वृद्धि के विरुद्ध में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पुतला दहन कल दिनांक 11.03.2023 दिन के 12 बजे किया जायेगा।

अपने समस्त जिला युवा कांग्रेस कमिटी पदाधिकारीगण ,काँग्रेस पार्टी के बरिष्ट नेतागण, अध्यक्षगण एवं सम्मानित कांग्रेस जन सँ आग्रह है के समय पर कार्यक्रम में भाग ले।

**भवदीय**
**मो० फैज़ी**
**विधानसभा अध्यक्ष**
**जिला युवा कांग्रेस मधुबनी**



**ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के उपाध्यक्ष, सज्जादानशीन दरगाह किछौछा शरीफ जनाब सैयद शाह फ़ख़रुद्दीन अशरफ के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ।**

**ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।**

Modi




& Modi



# ई डी, सी बी आई, आई टी तीनों भाजपा के भाई, बहन हैं: कांग्रेस



पटना।कांग्रेस दर्पण

भाजपा जब से केंद्र में सत्ताशीन हुई है, तब से ई डी,सी बी आई, आई टी जैसे संस्थान को अपना भाई, बहन बना कर कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों, कांग्रेसी, वामपंथी,समाजवादी विचारधारा रखने वाले लोगो, निष्पक्ष पत्रकारों आदि को बेवजह परेशान करने, गिरफ्तार कर जेल भेजने, पूछताछ कराने का काम कराते आ रही है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली,जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, प्रद्युमन दुबे, श्रवण पासवान, सुनील कुमार राम,अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह, रूपेश चौधरी,विद्या शर्मा, राजकिशोर शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, सुरेन्द्र मांझी, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता, मो समद, असरफ इमाम आदि ने कहा कि सन 2014 से आज तक मोदी सरकार ईडी, सीबीआई, आई टी को 95% विपक्षी दलों के लोगो के यहां ही छापेमारी करवाने तथा अन्य कारवाई कराने का काम किया है।

नेताओ ने कहा की बिहार में जब से महागठबंधन ( कांग्रेस+ राजद+ जदयू+ सीपीआई + सीपीआई एम + माले + हम ) की सरकार बनी है, तब से ईडी, सीबीआई, आई टी बिहार में लगातार छापेमारी कर रहे है।

नेताओ ने कहा की देश के साहसी, सजग, संघर्षशील, जनप्रिय लोकप्रिय, ईमानदार विपक्ष श्री राहुल गांधी जी ऐसे नेता से पांच दिनों तक 52 घंटे तक बेवजह ईडी से पूछताछ कराया गया, सोनिया गांधी जी को भी बीमारी की हालत में दो दिन ईडी कार्यालय में बुलाया गया। कांग्रेस महाधिवेशन में विध्न पहुंचाने हेतु दर्जनों कांग्रेस नेताओ के यहां रायपुर में छापेमारी हुई थी, लेकिन उन्हें कुछ हाथ नहीं लगा।

होली जैसे महान पर्व, रहा हाल में सिंगापुर से किडनी ट्रांसप्लांट करा कर दिल्ली लौटे राजद प्रमुख सहित इनके पूरे परिवार के यहां पटना से दिल्ली तक छापेमारी एवम् पूछताछ कराया जा रहा है ।

नेताओ ने कहा की जब कोई भी दूसरे पार्टी का नेता चाहे वो भ्रष्टाचार, घोटाला में लिप्त है, लेकिन जब वो भाजपा में शामिल हो जाता है, तो उसके सारे दोष समाप्त हो जाते है, जिसे देश की जनता लगातार देख और समझ रही है।

## युवा कांग्रेस के जिला सोशल मीडिया कोऑडिनेटर बने :- सुन्द्रम



युवा कांग्रेस की नई टीम गठन के बाद सीतामढी जिला सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर सुंदरम पाठक को बनाया गया है जो इससे पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष रह चुके हैं और सीतामढ़ी जिला के पूर्व सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर रह चुके हैं युवा कांग्रेस बाजपट्टी विधानसभा अध्यक्ष भी है सुंदरम पाठक ने अपने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए राहुल गांधी श्रीनिवास बीवी प्रियंका गांधी मनु जैन प्रदेश अध्यक्ष गरीबदास जी मंगेश मुनि जी विकास झा एवं सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहन जी सहित तमाम पदाधिकारी को आभार प्रकट करते हुए अपनी जिम्मेदारी को निभाने का काम करेंगे और पार्टी के उद्देश पर खड़ा होंगे और लोगों की तमाम समस्याओं को सोशल मीडिया के माध्यम से और यह तानाशाह सरकार के विरोध पर सोशल मीडिया पर काम करेगी



**किशनगंज के माननीय विधायक इजहारूल हुसैन, आज किशनगंज स्तिथ पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक किशनगंज डॉ इनामुल हक मेगनू जी के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंच कर बुके देकर होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।**



**बरही विधानसभा झारखंड के चौपारण बाजार के मैरेज हॉल में शामिल विधायक उमाशंकर अकेला जी एवं गया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी नंदू यादव जी के लड़की के शादी समारोह में शामिल।**

# भाजपा के पास जनता के लिए न नीति है, न नीयत, सिर्फ जुमला है

पटना। कांग्रेस दर्पण

**प्रियंका गांधी वाड्रा**

उत्तर प्रदेश के किसान आवारा पशुओं की बजस से बर्बाद हो रहे हैं, रोजाना हजारों एकड़ फसलें तबाह हो रही हैं, हर दिन लोगों की जान जा रही है। दूसरी तरफ, गौशालाओं में गायें बिना चारा-पानी के तड़प-तड़प कर मर रही हैं, लेकिन भाजपा सरकार सोयी हुई है।

चुनाव में जनता आवारा पशुओं का मुद्दा उठा रही थी, तब प्रधानमंत्री जी ने जुमला फेंका- हमें मालूम ही नहीं था कि यहां ऐसी कोई समस्या है। सरकार बनते ही समाधान हो जाएगा। आज क्या अब भी प्रधानमंत्री जो कुछ नहीं मालूम है?

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने गोधन न्याय योजना लाकर आवारा पशुओं की समस्या खत्म कर दी। किसानों से 2 रुपये किलो गोबर और 4 रुपये किलो गोमूत्र की खरीद की जाती है। राज्य में 10 हजार से ज्यादा गौठानों का निर्माण किया गया है।



किसान या तो पशुओं को अपने घर पर रखते हैं या फिर गौठानों में भेजते हैं। गोबर खरीद के बदले किसानों को अबतक 206 करोड़ से ज्यादा का भुगतान किया जा चुका है।

भाजपा के पास जनता के लिए न नीति है, न नीयत, सिर्फ जुमला है।

## तारापुर: कांग्रेस कार्यालय की बेशकिमती जमीन पर आसपास के लोगों की ललचाई नजर लगी

पटना। कांग्रेस दर्पण

तारापुर (मुंगेर) प्रखंड कांग्रेस कार्यालय की लगभग एक एकड बेशकिमती जमीन पर आसपास के लोगों की ललचाई नजर लगी हुई है। विगत माह कुछ पडोस के ही व्यक्तियों द्वारा कुछ पेड काटा लिया गया थे जिसे तारापुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष श्री नीलाम्बर कुमार ने रंगेहाथों पकडा और उसके विरुद्ध स्थानीय तारापुर थाना में मुंगेर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डां अजय कुमार सिंह के निर्देशानुसार मुकदमा दर्ज किया जो सक्षम न्यायालय में लंबित है।

आस पडोस के लोगों द्वारा अतिक्रमित कांग्रेस की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए दिनांक 10-03-2023 को अंचल अमीन से नापी कराने का समय पूर्व से निर्धारित था लेकिन नापी कार्य में सहायता करनेवाले स्वयंसेवक विमार हो जाने के कारण नापी कार्य सम्पन्न नहीं किया जा सका। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष श्री नीलाम्बर कुमार जी जिस लगन, मिहनत और कर्मठता के साथ तारापुर कांग्रेस के अमूल्य धरोहर को बचाने में लगे हैं वह काबिले तारीफ है।

तारापुर कांग्रेस को अपने कर्मठ अध्यक्ष नीलाम्बर कुमार जी पर गर्व है।



## होली और शबेबरात दोनो त्यौहार शांति पुर्ण से संपन हुआ प्रशासन के मुस्तैदी के वजह से

पटना। कांग्रेस दर्पण

होली और शबेबरात दोनो त्यौहार शांति पुर्ण से संपन हुआ प्रशासन के मुस्तैदी के वजह से:इंजिनियर टीपू)

होली और शबेबरात दोनो त्यौहार शांति पुर्ण से संपन हुआ ईश्वर की कृपा से और इसमें अहम भुमिका प्रशासन की रही, प्रशासन के पैनी नजर के वजह से हुआ, माहौल शांति पुर्ण रहा, युवा कांग्रेस नालंदा प्रशासन को बहुत बहुत धन्यवाद देती है हमारे देश मे सभी देश वासी प्यार से ही रहते है कुछ लोगो के वजह से माहौल खराब होता है युवा कांग्रेस नालंदा, प्रशासन से निवेदन करता है आगे भी जो लोग माहौल खराब करने का कोशिश करे प्रशासन उसपर सख्त करवाई करे वो किसी भी जाति धर्म का हो जो गलत करे उसे सजा मिलनी चाहिए।

**आपका सेवक**
**इंजीनियर टीपू**
**युवा कांग्रेस अध्यक्ष**
**बिहार शरीफ**



# बेगूसराय जिला कांग्रेस राज में नंबर वन विकसित जिला के रूप में फेमस हुआ था

पटना । कांग्रेस दर्पण

भारत के बिहार राज्य में स्थित यह जिला उत्तर बिहार में आने वाला मुंगेर प्रमंडल के अंतर्गत आता है। 18 वीं सदी में भागलपुर की बेगम तीर्थ यात्रा के लिए गंगा नदी के किनारे आती थी,वह इस जगह पर करीब 1 महीने रुकती थी।यह जगह अभी सिमरिया घाट के नाम से जाना जाता है।यही वजह है कि जिले का नाम बेगम (रानी)+(सराय) सराय से बेगूसराय पड़ा।

1870 में बेगूसराय को मुंगेर जिले के एक अनुमंडल के रूप में स्थापित किया गया था। आजादी से लेकर 1972 के बीच आजादी के लिए आंदोलन की उर्वरा भूमि व विकास की गाथा स्थली के रूप में बेगूसराय बिहार ही नहीं एशिया के पैमाने पर चर्चित रहा।वह शख्स थे डॉ श्री कृष्ण सिंह जिन्होंने 1950 के दशक में बिहार राज्य के( उस समय झारखंड भी शामिल था)उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को जोड़ने वाला पहला पुल जिसका डिजाइन अभियंता एम विश्वेश्वरैया ने किया था, यह राजेंद्र पुल गंगोत्री से गंगासागर के बीच बनने वाला पहला पुल था ने बनबाया।जिसे देखने अपने-अपने साधन से लाखों लोग सिमरिया पहुंचे थे। पंडित नेहरू एवम डॉ श्रीकृष्ण सिंह सिंह की एक झलक पाने को घंटों खड़े रहे प्यासे लोग।यूं तो देश में पहली रिफाइनरी 1901में स्थापित की गई थी।

वही 15 जनवरी 1965 को बरौनी रिफाइनरी यूनिट तत्कालीन केंद्रीय रसायन और पेट्रोलियम मंत्री हुमायूं कबीर ने एक समारोह में देश को समर्पित किया था।तब डॉक्टर श्री कृष्ण सिंह बतौर मुख्यमंत्री,



रामचरित्र सिंह बिहार सरकार के मंत्री,सरयू प्रसाद सिंह विधायक के रुप में गरिमामई उपस्थिति दे रहे थे। 1962 में रूसी सहयोग से बेगूसराय के बरौनी में 320 मेगा वाट कोयला आधारित बिजली पावर स्टेशन कांग्रेस ने बनाया।बरौनी खाद कारखाना की स्वीकृति तत्कालीन केंद्र सरकार ने जनवरी 1967 में दिलाई।

350 एकड़ में निर्मित यह कारखाना उद्घाटित तत्कालीन राज्यपाल नित्यानंद कानूनगो ने किया था।लेकिन श्रेय डॉक्टर श्री कृष्ण सिंह(मुख्यमंत्री) को जाता है।

ठऊअ शासनकाल में 1999 के दौर में, कारखाने का उत्पादन शून्य बताकर इसे बंद कर दिया गया था।

22 साल बाद उन्हीं की सरकार ने नीम कोटेड यूरिया उत्पादन शुरू करवाई।क्योंकि भाजपा के नाम पर खाद कारखाना आठ-आठ आँसू बहा रहा था।

साठ के दशक में बेगूसराय को औद्योगिक जिला का स्थान कांग्रेस ने दिलाई।

दूध डेयरी बरौनी में स्थापित हुए। रिफाइनरी और सिमरिया पुल के बीच में अनेकों छोटे-छोटे फैक्ट्री तभी से काम करने लगे। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जन्म भूमि बेगूसराय जिला प्रभुत्व शाली जिलों की फेहरिस्त में शामिल है। यूं तो यहां की धरती अपने ऐतिहासिक और भौगोलिक बनावट एवम राजनीतिक जागरूकता के लिए हमेशा से प्रसिद्ध रहा है ...1972 में मुंगेर से इसे अलग स्वतंत्र जिले के रूप में अस्तित्व में लाया गया था।बेगूसराय, बखरी,तेघरा अनुमंडल से सफर तय करते हुए यहां 5 अनुमंडल, 18 प्रखंड 229 ग्राम पंचायत 5 नगर निकाय 01 नगर निगम विद्यमान है। 1930 में गांधीजी के आवाहन पर बेगूसराय का गढ़पुरा नमक सत्याग्रह आंदोलन का केंद्र बना, जहां बिहार केसरी डॉक्टर श्री कृष्ण सिंह ने नमक बनाकर कानून भंग किया था। राष्ट्रीय स्तर पर पहचान कांग्रेस ने दिलाई।

कई सारे लघु और कुटीर उद्योग के साथ-साथ सम्राट अशोक द्वारा बनाई गई राष्ट्रीय हाईवे 31 एवम 28

हाजीपुर जोन के रेलवे लाइन खगड़िया- बखरी-समस्तीपुर रेल लाइन, पटना- मुंगेर- सिमरिया के रास्ते बंगाल को जाने वाली गंगा मार्ग।ऊलाव हवाई अड्डा, बेगूसराय- रोसरा मार्ग, बेगूसराय-बखरी मार्ग,गणेश दत्त महाविद्यालय, कोऑपरेटिव कॉलेज, दिनकर कला भवन, नवोदय विद्यालय, दूरसंचार भवन,डाक प्रमंडल कार्यालय, शाहपुर शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, लोहिया नगर रेशम उद्योग, मंसूरचक मूर्ति कला हब,संग्रहालय,मोकामा बेगूसराय-खगड़िया फोरलेन की जिसकी स्वीकृति डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल में दी गई थी, जिसे कई वर्ष लटकाकर एनडीए सरकार ने आज कल शुरू किया।

बेगूसराय में व्यवहार न्यायालय,पशु अस्पताल, सदर अस्पताल, लॉ कॉलेज,आयुर्वेदिक कॉलेज, आईटीआई कॉलेज,बीएमपी 08,आधुनिक सुविधा से लैस श्री कृष्ण इंडोर स्टेडियम गांधी स्टेडियम शोभायमान है।

जिसे कांग्रेस राज में पंख देने का काम किया गया।

मुंगेर घाट में चलायमान भग्गू सिंह का जहाज अपने दौर का नायाब यातायात साधन हुआ करता था।


धार्मिक स्थानों में जयमंगला गढ़,माता काली मंदिर,नौलखा मंदिर, बिहट राम जानकी मंदिर, सिमरिया एवं झमटिया गंगा घाट ऐतिहासिक स्थल को कांग्रेस ने सजाने संवारने का काम अनवरत जारी रखा।

बीपी स्कूल,कॉलेजिएट स्कूल, ज्ञान भारती स्कूल,से प्रतिवर्ष मेधावी छात्र निकलते रहे जो आगे चलकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेगूसराय को सम्मान दिलाने का काम करते रहे।

90 के बाद यदि कांग्रेस को बिहार में मौका मिलता तो यह जिला राष्ट्रीय स्तर पर मिशाल बनकर उभरता।

बीच-बीच में जब काँग्रेस को सत्ता में भागीदारी मिली तो जीडी कॉलेज को मिनी विश्वविद्यालय का दर्जा मिला अब जबकि हम सत्ता में भागीदार हैं तो मेडिकल कॉलेज,दिनकर विश्वविद्यालय,हरेक प्रखंड में महाविद्यालय बनाने का काम करेंगे।

.........रणजीत कुमार मुखिया जी पूर्व जिला सचिव बेगूसराय काँग्रेस।




**दिनांक 10/03/2023 दिन शुक्रवार को 01बजे दिन में प्रोफेसर गिरधारी यादव के छोटे पूत्र राजन यादव के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर कोटवारा , डोभी प्रखंड में शामिल कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी एवं अन्य ग्रामीण ,राजद प्रखंड अध्यक्ष और भगत यादव जी एवं ग्रामीण साथी।**



**दिनांक10/03/23 को बड़हिया प्रखंड के कमरपुर गाँव के निवासी 28 वर्षीय शत्रुध्न कुमार ठाकुर जी की मृत्यु अज्ञात वाहन से टक्कर लगने से हो गयी। अपने पीछे दो बच्चो व परिवार को पीछे छोड़ गए। सभी का इस सदमे से रो रो कर बुड़ा हाल हो गया। पीड़ित परिवार जनों से मिलकर संतावना दिया । ईश्वर से प्राथना है कि पीड़ित परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति और पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों मे स्थान प्रदान करे।**

**-लक्खीसराय सराय कांग्रेस प्रत्याशी अमरेश कुमार अनीश**











**राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने सभी को दिए बेहतर शिक्षा के समान अवसर..**

**प्रदेश के जरूरतमंद छात्रों की सरकारी सीटों पर MBBS ट्यूशन फ़ीस माफ़ हो रही है।**

**हमारा संकल्प- सेवा ही कर्म, सेवा ही धर्म**




**छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की सीएम नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना**

**- श्रमिक परिवारों की पहली दो बेटियों को 20-20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि**

**- इस योजना से बेटियों के सपने उड़ान भरेंगे**

**सेवा, जतन, सरोकार**

**छत्तीसगढ़ सरकार**